उत्तर प्रदेश में दो करोड़ लोगों को काम देने की क्षमता

उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय फिल्म सिटी बनाएंगे

अतुल कुलकर्णी

मुंबई: 'मुंबई अर्थ की नगरी है... यूपी धर्म की नगरी है'. विकास के इसी धर्म का अनुपालन उत्तर प्रदेश कर रहा है. कोरोना संक्रमण काल में जब देशभर के कारखाने बंद हो गए थे, तब उत्तर प्रदेश के कारखाने शुरु थे. हमारे पास 96 लाख सूक्ष्म, लघु और मध्यम (एमएसएमई) इकाइयां हैं. हर इकाई ने यदि तय कर लिया कि दो लोगों को काम देना है, तो उत्तर प्रदेश में दो करोड़ लोगों को रोजगार देने दिया जा सकता है. इतनी क्षमता विकसित हो चुकी है.

उक्त दावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया. उत्तर प्रदेश में महाराष्ट्र के उद्यमियों को आकर्षित करने के लिए योगी आदित्यनाथ मुंबई के दौरे पर आए हैं. उन्होंने 'लोकमत समाचार' के साथ विशेष बातचीत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विशेष बातचीत

की. इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश के विकास का रोड मैप बताने का प्रयास किया. बातचीत शुरु होने से पहले लोकमत मीडिया समूह चेयरमैन विजय दर्डा ने योगी आदित्यनाथ को लोकमत समूह के संस्थापक संपादक जवाहरलाल दर्डा की प्रतिमा भेंट की. विभिन्न सवालों के जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले 6 साल के दौरान उत्तर प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ. हर पुलिस थाने में एंटी रोमियो स्क्वॉड तैयार किया गया है. पुलिस विभाग से कहा गया है कि लड़कियों और महिलाओं के साथ छेड़खानी या उन्हें परेशान करने की एक भी शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित पुलिस थाने के अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी. आज यूपी में महिलाएं बिना डर के घूमती नज़र आती हैं.

विकासकार्य हुए, मतलब क्या किया गया?: मुरादाबाद जिले में ▸▸ शेष पेज 2 पर...

1, 20,000

स्पीकर जमा हो गए!

पिछले 6 सालों के दौरान उत्तर प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ. किसी भी धर्म का हो, हमने सभी प्रार्थनास्थलों से स्पीकर उतार दिए. चाहे मंदिर हो मस्जिद, चर्च हो या गुरुद्वारा. सबसे पहले गोरखपुर मंदिर का स्पीकर हटवाया. एक लाख 20 हजार माइक-स्पीकर जमा हो गए. उन्हें अलग-अलग स्कूलों और अस्पतालों को वितरित किया गया. अब सड़कों पर कहीं भी धर्म के स्पीकरों की आवाज सुनाई नहीं देती है.

मुंबई की फिल्म सिटी अलग है, हमारी दुनिया से अलग होगी!

जब योगी आदित्यनाथ से कहा गया कि आप मुंबई की फिल्म सिटी उत्तर प्रदेश ले जाना चाहते हैं. इस आरोप पर आप क्या कहना चाहेंगे? इस पर उन्होंने कहा कि वह फिल्म सिटी ले जाने नहीं, बल्कि हमारे राज्य में नई फिल्म सिटी बनाने के लिए आए हैं. ''मैं यहां यह बताने के लिए नहीं आया हूं कि कौन छोटा है और कौन बड़ा! इस तरह का कोई इरादा नहीं है. मुझे मेरे राज्य में विश्व स्तर की फिल्म सिटी स्थापित करनी है. मुंबई की फिल्म सिटी 500 एकड़ में है. मैं अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास 1200 एकड़ भूमि पर फिल्म सिटी बनाने जा रहा हूं. दुनिया में जो कुछ अच्छा होगा, वो सब वहां उपलब्ध होगा. विश्व स्तर की फिल्म बनाने वाली कंपनियां वहां आएंगी. डेढ़ से दो साल में फिल्म सिटी का काम पूरा कर लिया जाएगा.''

यूपी के लोग भेजें, कारखाने बंद पड़ गए!

1 उत्तर प्रदेश में विकास नहीं होने की वजह से वहां के लोग अन्य राज्यों में काम के लिए जाते हैं और वहां समस्याएं खड़ी करते हैं. इस तरह की होने वाली आलोचना के बारे में पूछे जाने पर योगी ने कहा कि कोरोना काल में बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश लौट आए थे. उन सभी लोगों का प्रबंध हमने किया.

2 उत्तर प्रदेश 25 करोड़ की आबादी वाला राज्य है. 75 जिले हैं. जब कई दिनों तक लोग वहीं रह गए तो कई राज्यों ने हमसे आग्रह किया कि आपके लोगों को हमारे यहां भेजें. हमें कारखाने शुरु करने हैं.

3 हमने उनसे कहा कि यदि लोगों की सुरक्षा की गारंटी दी जाएगी तो हम भेजेंगे. ऐसे में कई राज्यों ने सुरक्षा की गारंटी दी. इस कारण उन राज्यों में विकास के पहिए घूमने लगे.